







# याद करने वाली आयातों के खेल
















Kristina Krauss

# याद करने वाली आयातों के खेल


यह हमेशा...

... अच्छा है कि आप अपने विद्यार्थियों को बाइबल की आयतों को याद करने में उनकी मदद करे। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप किस पाठ्यक्रम का उपयोग कर रहे हैं, प्रत्येक पाठ्यक्रम में प्रत्येक पाठ के लिए एक याद करने की आयत होगी। मैं इन याद करने वाली आयातों के खेल को प्रस्तुत करते हुए खुशी महसूस करती हूँ जो आपको बच्चों को बाइबल सिखाने में मदद करेगी। न केवल वे पाठ की समीक्षा करते हैं, बल्कि वे आपके विद्यार्थियों को इसे याद करने में भी मदद करते हैं, ताकि वे बाइबल को तब भी याद रख सकें जब उन्हें अपने जीवन में इसे अमल करने की आवश्यकता होती है।

मैं अपने पूरे जीवन में कलीसिया में जाती रही हूं और एक बच्चे के रूप में मुझे याद है, मेरे शिक्षक मुझे बाइबल से आयतों को याद करने में मेरी मदद करते थे और ऐसा करने में मुझे पुरस्कृत भी करते थे। मैंने स्टिकर, कैंडी और यहां तक कि मेरी पहली बाइबल को भी कक्षा में भाग लेने, आयतों को याद करने और हर तरह से प्रतियोग्यता में भाग लेने के द्वारा कमाया। मुझे नहीं पता कि इतने सारे इनाम देने का यह विचार अच्छा है कि नहीं, लेकिन मुझे सबसे अधिक वह बात याद है जब मैं "मसीही बाइबल ग्रीष्मकालीन शिविर" में जाने के लिए छात्रवृत्ति जीतने में सफल रहीं थी। भाइयों और बहनों, मेरा विश्वास करो, मैंने वहां जाने के लिए कड़ी मेहनत की और मैं लगातार 5 वर्षों तक पूरी तरह से मुफ़्त में शिविर में भाग लेने में सफल रही; और बस, यह संभव हुआ आयतों को याद करने से!

मैं अपने उन भाइयों और बहनों के प्रति आभारी हूँ जिन्होंने मेरे जीवन में निवेश किया। अब मेरे पास एक ऐसी सेवकाई है जो हजारों बच्चों पर प्रभाव डाल रही है, और एक बच्चे के रूप में जिन आयतों को मैंने सीखा था, वे मुझे अभी भी याद है। मैं आपको प्रोत्साहित करना चाहती हूं कि आपका परिश्रम व्यर्थ नहीं है। आपकी कक्षा में उपस्थित अपने छात्रों को जानने का कोई तरीका नहीं है! क्या वे भविष्य में कोई पास्टर, डॉक्टर या राष्ट्रपति होंगे! जो आयतें आप इस हफ़्ते सिखा रहे हैं वे किस तरह से उनके भविष्य के लिए लाभकारी सिद्ध होंगे?

और इन याद करने वाली आयातों के खेलों को सीखने में आपकी मदद करने के लिए, मैं नीचे इन चार बच्चों से आपका परिचय कराना चाहती हूं, जो इस परियोजना में मदद करने के लिए तैयार थे। :) चार्ल्स, ब्लैसी, शमूएल, अक्सा ।







आपके महत्वपूर्ण सेवकाई पर आशीष बनी रहें!

बहन क्रिस्टिना क्रॉस

1. पासिंग रिलै (एक से दूसरे को देने का रिलै)



बच्चे एक मेज के चारों ओर बैठते हैं। कोई बच्चा एक कागज़ के टुकड़े पर एक आयत का पहला शब्द या वाक्यांश लिखता है, और अगले विद्यार्थी की ओर बढ़ाता है जो इसका अगला शब्द या वाक्यांश लिखता है, और इसे तब तक जारी रखते हैं जब तक कि पूरी आयत लिख नहीं ली जाती। अगला व्यक्ति अगली आयत को लिखना शुरू करता है, और यह आगे बढ़ता जाता है। समय पर नज़र रखें और देखें कि क्या बच्चे अपने पिछले समय को "हरा" पाते हैं कि नहीं, और इस तरह आप इस गतिविधि को मनोरंजक बनाए रख सकते हैं। क्रियाकलाप का समय निर्धारित करने से आपको यह जानने में सहायता मिलती है कि किस आयत और कितने आयतों को शामिल किया जा सकता है (उदाहरण, देखें कि 10 मिनट में वे कितने आयत लिख सकते हैं)।

2. रिलै दौड़




बच्चों को दो टीमों में विभाजित करें। आरंभिक पंक्ति से कुछ दूरी पर एक चॉकबोर्ड, सफेद बोर्ड या बड़े शीट या कागज रखें। हर टीम के पहले बच्चे को कोई लिखने सामग्री दें और "गो" या “भागो” चिल्लाने पर उसे उस लिखने वाले सतह की और भागना होगा और आयत के पहले शब्द को लिखना होगा। फिर उसे वापस अपनी टीम में लौटने दो और अपने लिखने की सामग्री को दूसरे बच्चे के हाथ में देना होगा। जो टीम सही ढंग से आयत को पहले लिख देती है, वही जीतती है।

3. स्ट्रॉ रिलै

पीनेवाले स्ट्रॉ को बीच से काटें (लगभग 4 इंच के टुकड़े), प्रत्येक बच्चे को एक दें। (चौड़े स्ट्रॉ सबसे उत्तम हैं।) कागज के एक अलग टुकड़े पर आयत के प्रत्येक शब्द को लिखें, जो हर टीम के लिए एक आयत बनाती है। कक्षा को टीमों में विभाजित करें। प्रत्येक टीम के लिए एक मेज पर शब्दों को रखें। एक रिलै दौड़ के रूप में, प्रत्येक टीम के सदस्य को अपने स्ट्रॉ की मदद से आयत में से एक शब्द को चुनना होगा और इसे कमरे की दूसरी तरफ रखी अपनी टीम की मेज तक ले जाना होगा। पहली टीम जो आयत को इकट्ठा करती और जोर से बोलती है, वही जीतती हैं।






4. एक शब्द को मिटाना

बोर्ड पर याद करने वाली आयत लिखें। एक समय में शब्द को मिटा दें, और हर बार बच्चों को उस पूरी आयत को बोलने दें।

5. कागज़ के पर्चे




कागज की एक पर्ची पर याद करने वाली आयत के प्रत्येक शब्द लिखें। बच्चों को सही क्रम में पर्चों को रखने होंगे। आप चाहे तो कागज़ के पर्चों को बच्चों के सामने टेप से चिपका भी सकते हैं और फिर उन्हें सही क्रम में खड़े होने को कहें।




6. सवाल पूछें

यह खेल उसी तरह का है जैसे कि पिछला था जहां आपने कागज़ के अलग अलग पर्चे पर एक एक आयत को रखा था। केवल इस बार आपको कागज़ के पर्चे को हर बच्चे को पीठ पर टेप से चिपकाना होगा। उन्हें एक दूसरों से प्रश्न पूछने दें और यह पता करें कि कौन सा शब्द उनकी पीठ पर चिपकाया गया हैं, और फिर क्रम के अनुसार पंक्ति में खड़े हो जाएँ।

7. टिक-टैक-टो



याद करने की आयत में टिक-टैक-टो एक बहुत ही अच्छा-आसान खेल है और उसके लिये कोई पूर्व योजना की आवश्यकता नहीं है। खेलने के लिए, 3 कुर्सियों के 3 पंक्तियों को अपने कक्षा के बीचोंबीच रखें ताकि आप उसे अपने टिक-टैक-टो बोर्ड की तरह इस्तेमाल कर सकें। अगर आप अपनी कक्षा में कुर्सियों का इस्तेमाल नहीं करते हो तो पेपर प्लेट या कागज को फर्श पर अपने टिक-टैक-टो बोर्ड की तरह इस्तेमाल कर सकते हो। प्रत्येक टीम के सदस्य जब याद करने की आयात को सही से दोहराते हैं, तो वह टिक-टैक-टो बोर्ड पर अपना स्थान चुनें और उस पर बैठें या खड़े हो। पहली टीम जो टिक-टैक-टो को कर लेती है वह जीतती है।



8. एक बार में एक अक्षर

बोर्ड पर याद करने की आयत के हर शब्द का पहला अक्षर लिखें। बच्चे उसके बाद आयत लिखने की कोशिश करते हैं।

9. गर्म आलू



किसी भी बैग को 'गर्म आलू' के रूप में प्रयोग करें और उस के अंदर पर्चियों पर याद करने की आयतों के एक एक शब्द को लिखकर उस के अंदर डाल दें। बच्चों को एक बड़े गोल आकर में बैठायें और संगीत शुरू करें। जब संगीत बंद होता है, तब वह बच्चा उस कागज़ के बैग या थैले से कागज के एक पर्ची को बाहर निकालेगा। वे उसे या तो बोर्ड पर चिपका सकते हैं या फिर उनके गोले के मध्य में फर्श पर रख सकते हैं। बच्चों को मिलकर एक साथ काम करने कि वे उस याद करने के आयत को सही क्रम में रखें।


10. कागज़ का बास्केट बॉल



आपके याद करने की आयत का प्रत्येक शब्द कागज के एक टुकड़े पर लिखें और एक छोटी सी बास्केटबॉल के गेंद के तरह उसे बनाएं। अपने कक्षा को दो टीमों में बाँटें, और इतना पर्याप्त बानाएं ताकि प्रत्येक टीम के पास अपने आप के लिए याद करने के ''बास्केट बॉल'' हो। बच्चे के नाप का एक बास्केटबॉल का नेट कक्षा में आगे के तरफ टांगें। अगर आप के पास एक बास्केटबॉल का नेट उपलब्ध नहीं है, तो आप इसके अलावा कोई उपलब्ध टोकरी/बाल्टी का उपयोग कर सकते हैं। जब बच्चे 'टोकरी' में सारे बास्केटबॉल डाल देते हैं, वह टीम उस टोकरी को खोले ताकि वे उस आयत को जोर से बोल सके। पहली टीम जो याद करने के आयत को सही क्रम में रखेगी वह टीम जीतेगी।

11. इसे चित्रित करो

बच्चों को आयत लिखने दें, और जितना संभव हो सके उतने शब्दों के लिए कई तस्वीरें बनाएं।



12. पिंग पोंग



एक बच्चा आयत का पहला वाक्यांश बोलेगा, और फिर एक दूसरा बच्चा उसका अगला वाक्यांश कहेगा, और इस तरह से एक के बाद दूसरा कहता रहेगा। इसे जोड़े में या एक टीम में एक पंक्ति बनाते हुए, एक दूसरे के सामने खड़े रहते हुए हुए खिलाया जा सकता है।

13. एक धुन बनाएं

एक धुन को निकाले या बनायें और आयत को कहीं ऐसे जगह पर लगायें जहाँ सब देख सकते हैं। छात्रों को अब उस आयत में से एक धुन निकालना होगा। आप एक समूह से भी शुरू कर सकते हो, जैसे सिर्फ लड़कों से करायें, या सिर्फ लड़कियां करें, और यदि उन्हें अच्छो लगता है तो अंत में एक बार में एक विद्यार्थी को ऐसा करने दो! बच्चे इसे बहुत पसंद करेंगे!




14. गुब्बारे फोड़ना



गुब्बारों को फुलाओ जिसपर याद करने की आयत का एक एक शब्द लिखा हुआ हो। एक स्थायी मार्कर पेन का इस्तेमाल करते हुए, हर गुब्बारे पर याद करने की आयत के एक एक शब्द को लिखो। चिपकाने के साफ टेप के द्वारा, गुब्बारों को दीवार के साथ सही क्रम में रखो (अगर समय की अनुमति हो, तो बच्चे स्वयं इसे बारी बारी से लगा सकते हैं) अगर आप कक्षा-समय के दौरान गुब्बारों को लगा रहे हो, तो समस्त कक्षा को पढ़ने दें कि अब तक क्या लगाया जा चुका है। सभी गुब्बारों को उनके यथा

स्थान पर लगाए जाने के बाद, स्वयंसेवकों से कहें कि वे बारी बारी से किसी एक गुब्बारे को फोड़ते जाएं (छोटा पिन इसके लिए उपयुक्त होगा), और उसके पीछे हर कोई मिलकर उस आयत को बोलते रहें जब जब एक गुब्बारा फूटता रहता है।

15. बिखरी हुई पहेलियां




एक रंगीन कागज़ के टुकड़े पर हर बच्चे से एक आयत लिखवाएं, फिर पहेली रेखाएं खींचें और फिर उन टुकड़ों को काट लें। (अगर समय कम हो, तो समय से पहले ही पहेलियों को तैयार कर लें।) उसके बाद बच्चों के बीच एक मुकाबला करायें कि सबसे पहले उनकी पहेलियों को कौन एक साथ जोड़ता या मिलाता है। पहेली के पूरा होने पर पहले जोड़ने वाले विद्यार्थी या टीम को खड़े होकर ऊंची आवाज़ में अपनी आयत को बोलना होगा।

16. म्यूजिकल बॉल खेल




पहले उस आयत को याद करें, कई बार दोहराते हुए या किसी खेल को खेलते हुए। फिर कोई धुन बजाएं और बच्चों को एक घेरे के बीच या अपनी कक्षा में एक गेंद को आगे बढ़ाते रहने को कहें (बच्चों से कह दें कि गेंद को न उछालें)। जब धुन बजनी रूक जाती है, तब जिस बच्चे के पास गेंद होती है उसे वह आयत बोलनी होती है या किसी दूसरे को उनके लिए आयत को बोलने के लिए कहा जा सकता है। इस खेल को तब तक जारी रखें जब तक कि हर बच्चे को उस आयत को बोलने का अवसर नहीं मिल जाता या सबकी बारी नहीं आती।

17. बीन बैग टॉस (गेंद उछालना)



बच्चों को ज़मीन पर एक गोल घेरे में बैठाएं। तब बोर्ड पर या किसी कागज़ के टुकड़े पर आयत को लिखें जहां पर से बच्चे आसानी से उसे देख सके। फिर बच्चों के बीच एक गेंद दिया जाए (या प्लास्टिक की कोई चीज़, कपड़े की बनी कोई गुड़िया या जानवर आदि) ताकि बच्चे उन्हें आगे बढ़ाते जाएं, और जिनके पास वह गेंद पहुंचती है या जो बच्चा गेंद को पकड़ता है वह उस आयत के अगले शब्द को बोलता है। खेल को अधिक कठिन बनाने के लिए, बच्चों का अनुमति दें कि वे गेंद को उस घेरे के बीच अन्य किसी बच्चे के पास उछाल सके और जो उस गेंद को पकड़ता है वह उस आयत का अगला शब्द बोलता है।

19. वर्णमाला स्क्रैबल (बिखरे वर्णमाला को जोड़ो)





अपनी कक्षा को दो या तीन समूहों में विभाजित करो, और हर समूह को अक्षरों से युक्त दाल या पास्ता का एक कप दो। बच्चों से कहें कि वे उन अक्षरों का इस्तेमाल करते हुए याद करने की आयत के शब्दों को बनाएं। जो समूह सबसे अधिक शब्दों को बनाता है, वह समूह विजयी होता है।




20. अभिनय करके दिखाओ


याद करने की आयत को नाटक या संकेत के द्वारा अभिनय करके दिखाओ। यह एक मजेदार खेल होता है क्योंकि यह दृश्यात्मक, सक्रिय और सुननेयोग्य होता है।

21. म्यूज़िकल चेयर्स




हर बच्चे के लिए एक कुर्सी की व्यवस्था करो और उन्हें एक गोल घेरे में रखो। रंगीन कागज के विभिन्न टुकड़ों को काटो और उन्हें कुर्सी के पीछे ले जाएं। हर रंग कम से कम तीन कुर्सियों पर टेप से चिपकाया जाना चाहिए। संगीत शुरू करें और बच्चों को उन कुर्सियों के चारों तरफ चलने को कहें। जब संगीत रूक जाता है, तो बच्चों को तुरंत बैठना होता है। तब अध्यापक किसी एक रंग का नाम लेता है, तब जो कोई उस पर बैठा होता है जिस पर वह रंग लगाया गया है, उन्हें खड़े होकर आयत को बोलना होता है। अगर अध्यापक लाल रंग बोलता है, तो वे सभी बच्चे जिनकी कुर्सी के पीछे लाल रंग लगा होता है, उन्हें खड़े होकर मिलकर आयत को बोलना होगा।

22. अनुमान लगाओ कि कौन हैं



एक स्वयंसेवक का चयन करें जो शिक्षक के साथ अपने समूह को पीठ दिखाता हुआ खड़ा होगा। जो भी उस आयत को सिखा रहा है वह चुपचाप उस शब्द की तरफ इशारा करेगा जो उस आयत में है और उसे उस समूह को निर्देश देना होगा कि एक 'ताली' को उस शब्द के लिये नियुक्त करते हुए वे उस आयत को पढ़ें। फिर उस स्वयंसेवक को अनुमान लगाना होगा कि वह खोया हुआ शब्द कौन सा है।

23. गूंजता पहाड़




पूरे समूह को तीन टीमों में बांटें, जैसे कि: अध्यापक, लड़के और लड़कियां। पहली टीम याद करने की आयत के पहले शब्द या वाक्य को कहते हुए आरंभ करती हैं, उनके रूकने के बाद दूसरी टीम उस शब्द या वाक्य को बोलती है और फिर उनके रूकते ही अंतिम टीम भी ऐसा ही करती है। इस खेल को जारी रखें, और हर शब्द को बोलते समय कुछ विभिन्नताओं को जोड़ते रहें, उदाहरण के लिए, फुसफुसाना, चिल्लाना, पतली आवाज़ में बोलना, भारी आवाज़ में बोलना, बिल्कुल धीरे बोलना, बहुत जल्दी बोलना, किसी रोबोट की तरह बोलना आदि। इस खेल का मज़ा उठाईए!

24. आयत बोलो अगर आपने...



वे बच्चे आयतों को बोलें जिन्होंने.... सुबह नाश्ता किया हो, रात को नहाया हो, जिनकी भूरी आंखें हो, जिन्हें चोकलेट पसंद हो, जिन्होंने सुबह उठकर अपना बिस्तर ठीक किया हो, जिनकी कोई बहन हो, जिन्होंने लाल कपड़ा पहना हो, आदि। यह किसी एक आयत को याद कराने का आसान तरीका है जिसमें बच्चे उस आयत को बार बार दोहराते हैं और जल्दी ही उसे सीख लेते हैं।

अतिरिक्त अतिरिक्त अतिरिक्त ...

गुनगुनाती मधुमक्खी

जब आपके विद्यार्थी अपने कक्षा की एक इकाई समाप्त कर चुके, उसके बाद, सभी आयतों की समीक्षा एक "गुनगुनाती मधुमक्खी" से करें। उन सबको एक पंक्ति में सामने की ओर खड़ा करें और एक बार में एक बच्चे के पास जाएँ। पहले के कुछ शब्दों के साथ आयत को बोलना शुरू करें, और फिर देखें कि क्या वे आयत को पूरा बोल पाते है कि नहीं। यदि वे नहीं बोल पाते, तो उन्हें बैठ जाना चाहिए, तब दूसरा बच्चा उस आयत को पूरा करने का प्रयास करता है। इसे तब तक जारी रखें जब तक कि केवल एक बच्चा खड़ा नहीं रह जाता जो विजेता बन जाता है। (इस बात को सुनिश्चित करें कि सभी आयतों की समीक्षा "गुनगुनाती मधुमक्खी" की तरफ जाती रहे ताकि इसे ज्यादा मजेदार बनाया जा सके।)

मेरी पसंदीदा याद करने की आयत:

- क्या मैं ने तुझे आज्ञा नहीं दी? हियाव बाँधकर दृढ़ हो जा; भय न खा, और तेरा मन कच्चा न हो; क्योंकि जहाँ जहाँ तू जाएगा वहाँ वहाँ तेरा परमेश्वर यहोवा तेरे संग रहेगा।" यहोशू 1:9
- परन्तु मैं तो अपने घराने समेत यहोवा ही की सेवा नित करूँगा।" यहोशू 24:15
- मैं अपनी आँखें पर्वतों की ओर लगाऊँगा । मुझे सहायता कहाँ से मिलेगी? मुझे सहायता यहोवा की ओर से मिलती है, जो आकाश और पृथ्वी का कर्ता है।. भजन संहिता 121: 1-2
- पहाड़ों पर उसके पाँव क्या ही सुहावने हैं जो शुभ समाचार लाता है, जो शान्ति की बातें सुनाता है और कल्याण का शुभ समाचार और उद्धार का सन्देश देता है, जो सिय्योन से कहता है, "तेरा परमेश्वर राज्य करता है।" यशायाह 52:7
- तब उसने अपने चेलों से कहा, "पके खेत तो बहुत हैं पर मजदूर थोड़े हैं। इसलिये खेत के स्वामी से विनती करो कि वह अपने खेत काटने के लिए मजदूर भेज दे।"मत्ती 9:37-38
- उसके स्वामी ने उससे कहा, 'धन्य, हे अच्छे और विश्वासयोग्य दास, तू थोड़े में विश्वासयोग्य रहा; मैं तुझे बहुत वस्तुओं का अधिकारी बनाऊँगा। अपने स्वामी के आनन्द में सहभागी हो।'. मत्ती 25:21
- "मैं तुम से कहता हूँ जो कोई मनुष्यों के सामने मुझे मान लेगा उसे मनुष्य का पुत्र भी परमेश्वर के स्वर्गदूतों के सामने मान लेगा।. लूका12:8
- क्योंकि परमेश्वर ने जगत से ऐसा प्रेम रखा कि उसने अपना एकलौता पुत्र दे दिया, ताकि जो कोई उस पर विश्वास करे वह नष्ट न हो, परन्तु अनन्त जीवन पाए।. यूहन्ना 3:16
- रन्तु जब पवित्र आत्मा तुम पर आएगा तब तुम सामर्थ्य पाओगे; और यरूशलेम और सारे यहूदिया और सामरिया में, और पृथ्वी की छोर तक मेरे गवाह होगे। प्रेरितों 1:8
- इसलिये, मन फिराओ और लौट आओ कि तुम्हारे पाप मिटाए जाएँ, जिससे प्रभु के सम्मुख से विश्रान्ति के दिन आएँ प्रेरितों 3:19

- इसलिये कि सब ने पाप किया है और परमेश्वर की महिमा से रहित हैं. रोमियों 3:23
- क्योंकि पाप की मजदूरी तो मृत्यु है, परन्तु परमेश्वर का वरदान हमारे प्रभु मसीह यीशु में अनन्त जीवन है। रोमियों 6:23
- सलिये हे भाइयो, मैं तुम से परमेश्वर की दया स्मरण दिला कर विनती करता हूँ कि अपने शरीरों को जीवित, और पवित्र, और परमेश्वर को भावता हुआ बलिदान करके चढ़ाओ। यही तुम्हारी आत्मिक वा है।. इस संसार के सदृश न बनो; परन्तु तुम्हारे मन के नए हो जाने से तुम्हारा चाल-चलन भी बदलता जाए, जिससे तुम परमेश्वर की भली, और भावती, और सिद्ध इच्छा अनुभव से मालूम करते रहो। रोमियों 12:1-2
- पर उसने मुझ से कहा, "मेरा अनुग्रह तेरे लिये बहुत है; क्योंकि मेरी सामर्थ्य निर्बलता में सिद्ध होती है।" इसलिये मैं बड़े आनन्द से अपनी निर्बलताओं पर घमण्ड करूँगा कि मसीह की सामर्थ्य मुझ पर छाया करती रहे। 2 कुरिन्थियों12:9
- क्योंकि विश्वास के द्वारा अनुग्रह ही से तुम्हारा उद्धार हुआ है; और यह तुम्हारी ओर से नहीं, वरन् परमेश्वर का दान है, और न कर्मों के कारण, ऐसा न हो कि कोई घमण्ड करे। इफिसियों 2:8-9
- क्योंकि हम उसके बनाए हुए हैं, और मसीह यीशु में उन भले कामों के लिये सृजे गए जिन्हें परमेश्वर ने पहले से हमारे करने के लिये तैयार किया।. इफिसियों 2:10
- इसलिये प्रभु में और उसकी शक्ति के प्रभाव में बलवन्त बनो। परमेश्वर के सारे हथियार बाँध लो कि तुम शैतान की युक्तियों के सामने खड़े रह सको।, क्योंकि हमारा यह मल्लयुद्ध लहू और मांस से नहीं परन्तु प्रधानों से, और अधिकारियों से, और इस संसार के अन्धकार के हाकिमों से और उस दुष्टता की आत्मिक सेनाओं से है जो आकाश में हैं।. इफिसियों 6:10-12
- किसी भी बात की चिन्ता मत करो; परन्तु हर एक बात में तुम्हारे निवेदन, प्रार्थना और विनती के द्वारा धन्यवाद के साथ परमेश्वर के सम्मुख उपस्थित किए जाएँ।, तब परमेश्वर की शान्ति, जो सारी समझ से परे है, तुम्हारे हृदय और तुम्हारे विचारों को मसीह यीशु में सुरक्षित रखेगी।. फिलिप्पियों4:6-7
- अब विश्वास आशा की हुई वस्तुओं का निश्चय, और अनदेखी वस्तुओं का प्रमाण है।. इब्रानियों 11:1
- और विश्वास बिना उसे प्रसन्न करना अनहोना है; क्योंकि परमेश्वर के पास आनेवाले को विश्वास करना चाहिए कि वह है, और अपने खोजनेवालों को प्रतिफल देता है।. इब्रानियों 11:6
- स कारण जब कि गवाहों का ऐसा बड़ा बादल हम को घेरे हुए है, तो आओ, हर एक रोकनेवाली वस्तु और उलझानेवाले पाप को दूर करके, वह दौड़ जिसमें हमें दौड़ना है धीरज से दौड़ें, और विश्वास के कर्ता और सिद्ध करनेवाले यीशु की ओर ताकते रहें, जिसने उस आनन्द के लिये जो उसके आगे धरा था, लज्जा की कुछ चिन्ता न करके क्रूस का दु:ख सहा, और परमेश्वर के सिंहासन की दाहिनी ओर जा बैठा।.  इब्रानियों 12:1-2
- मेरे भाइयो, जब तुम नाना प्रकार की परीक्षाओं में पड़ो, तो इसको पूरे आनन्द की बात समझो, यह जानकर कि तुम्हारे विश्वास के परखे जाने से धीरज उत्पन्न होता है। र धीरज को अपना पूरा काम करने दो कि तुम पूरे और सिद्ध हो जाओ, और तुम में किसी बात की घटी न रहे।. याकूब 1:2-4
- परन्तु वचन पर चलनेवाले बनो, और केवल सुननेवाले ही नहीं जो अपने आप को धोखा देते हैं।. याकूब1:22
- सी प्रकार हे नवयुवको, तुम भी प्राचीनों के अधीन रहो, वरन् तुम सब के सब एक दूसरे की सेवा के लिये दीनता से कमर बाँधे रहो, क्योंकि "परमेश्वर अभिमानियों का विरोध करता है, परन्तु दीनों पर अनुग्रह करता है।"  1 पतरस5:5
- यदि हम अपने पापों को मान लें, तो वह हमारे पापों को क्षमा करने और हमें सब अधर्म से शुद्ध करने में विश्वासयोग्य और धर्मी है।. 1 यूहन्ना 1:9
- हम ने प्रेम इसी से जाना कि उसने हमारे लिये अपने प्राण दे दिए; और हमें भी भाइयों के लिये प्राण देना चाहिए।. 1 यूहन्ना 3:16
- हे प्रियो, हम आपस में प्रेम रखें; क्योंकि प्रेम परमेश्वर से है। जो कोई प्रेम करता है, वह परमेश्वर से जन्मा है और परमेश्वर को जानता है।, जो प्रेम नहीं रखता वह परमेश्वर को नहीं जानता, क्योंकि परमेश्वर प्रेम है।. 1 यूहन्ना 4:7-8

- मेम्ने के लहू के कारण और अपनी गवाही के वचन के कारण उस पर जयवन्त हुए, और उन्होंने अपने प्राणों को प्रिय न जाना, यहाँ तक कि मृत्यु भी सह ली। प्रकाशितवाक्य 12:1

याद रखने के लिए मेरे पसंदीदा अध्याय:

देख, मैं शीघ्र आनेवाला हूँ; और हर एक के काम के अनुसार बदला देने के लिये प्रतिफल मेरे पास है।. प्रकाशितवाक्य 22:12
भजन संहिता 1, भजन संहिता 15, भजन संहिता 23, भजन संहिता 27, यशायाह 61, मत्ती 5-7, रोमियों 12, 1 कुरिन्थियों 13, याकूब 1-5.